दिनांक- 01.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 01/26

महोबा पुलिस

सर्किल- कुलपहाड़, थाना- महोबकंठ

मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से वर्ष 2022 की गुमशुदा महिला बरामद, काउंसलिंग उपरांत पति के साथ भेजा गया।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।
- गुमशुदगी नं0 02/2022 से संबंधित गुमशुदा गायत्री पुत्री दयाराम अहिरवार उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के भाई अंकित पुत्र दयाराम अहिरवार को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना महोबकंठ उपस्थित आए।
- तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा गायत्री की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान गायत्री द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से जहीर खान पुत्र सलीम खान उम्र 27 वर्ष निवासी मोहल्ला भगवंतपुरा थाना सदर जनपद झांसी के साथ विवाह कर लिया है तथा वर्तमान में उनके दो पुत्रियां हैं। उसने अपने पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की।
- गुमशुदा गायत्री को उसकी इच्छानुसार उसके पति जहीर खान के साथ थाना हाजा से सकुशल एवं सम्मानपूर्वक रुखसत किया गया।
- उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।